आज मिला था पहला विश्वकप



आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



● वर्ष- 15 अंक-144-● कटनी ● शनिवार, 26 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# शरीर में संक्रमण फैलाने के लिए वायरस ने ढूंढ लिया नया रास्ता

## वायरस में लगातार हो रहे म्यूटेशन एंटीबॉडीज को आसानी से चकमा दे सकते, डब्लूएचओ ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कोरोना का सार्स-सीओवी-2 वायरस दुनियाभर के तमाम वैज्ञानिकों के लिए अब भी शोध का विषय बना हुआ है। वायरस में लगातार हो रहे म्यूटेशन और इसकी बदलती प्रकृति नए-नए तरह की समस्याओं को जन्म दे रही है। कोविड-19 महामारी की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने बताया था कि सार्स-सीओवी-2 वायरस संक्रमण फैलाने के लिए कोशिकाओं के अंदर प्रवेश करता है। उसे वहां एसीई2 नामक रिसेप्टर की आवश्यकता होती है, जिसकी मदद से वायरस शरीर की कोशिकाओं को संक्रमित करता है। हालांकि हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने वायरस को लेकर जो बातें बताई हैं, उसके चलते इसकी प्रकृति को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। हाल के अध्ययनों में वैज्ञानिकों ने पाया कि वायरस में सिंगल म्यूटेशन के साथ इसकी प्रकृति में एक बड़ा बदलाव आया है। सार्स-सीओवी-2 वायरस अब एसीई2 रिसेप्टर के अलावा अन्य दूसरे मार्ग से भी कोशिकाओं में प्रवेश कर सकता है। वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है कि वायरस के वैकल्पिक प्रवेश मार्ग ढूंढने की यह प्रकृति शरीर में बनी एंटीबॉडीज को आसानी से चकमा दे सकती है। इस तरह से वायरस से संक्रमित होने का खतरा उन लोगों में भी हो सकता है जो वैक्सीन लगवा चुके हैं या जिनके शरीर में कोविड-19 से मुकाबले के लिए पर्याप्त एंटीबॉडीज उपलब्ध हैं। आवश्यक है। स्वास्थ्य सचिव प्रदीप व्यास ने कहा कि राज्य में संक्रमण की दर घटकर 0.15 प्रतिशत रह गई है लेकिन उक्त सात जिलों में यह दर दोगुनी या तिगुनी है।



### बांग्लादेश में डेल्टा प्लस का कहर, भारत में चिंता, दैनिक मामलों में कमी

जानकारों ने पहले ही कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जारी कर दी है। स्वास्थ्य जानकारों की माने तो देश में डेल्टा प्लस वैरिएंट के बढ़ते खतरे की वजह से तीसरी लहर दस्तक दे सकती है। देश में राजस्थान में डेल्टा प्लस वैरिएंट का पहला मामला सामने आया है। वहीं बांग्लादेश में भी कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट का कहर छाया हुआ है। देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामले दूसरी बार 50 हजार से कम आए हैं और इसी दौरान 1183 मरीजों ने अपनी जान गंवाई है। आईसीएमआर की ओर से अबतक 40 लोगों का कोरोना का टेस्ट किया जा चुका है। जून महीने में हर दिन औसतन 18 लाख लोगों का टेस्ट हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने कहा है कि कोरोना वायरस का भारत में पहली बार पाया गया 'डेल्टा' स्वरूप अब तक का सबसे संक्रामक प्रकार है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अब यह स्वरूप कम से कम 85 देशों में फैल रहा है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेडरोस आधानोम घेबरेसस ने कहा कि गरीब देशों में टीके की अनुपलब्धता डेल्टा स्वरूप के प्रसार में सहायक सिद्ध हो रही है। देश के आठ राज्यों महाराष्ट्र, दिल्ली, केरल, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना में कोरोना वायरस के खतरनाक वैरिएंट डेल्टा के 50 फीसदी मामले मिले हैं।

## फटाफट खबरें



### मनचले से परेशान होकर की थी 10 वीं की छात्रा ने खुदकुशी

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना पुलिस ने 19 जून को एक किशोरी द्वारा फांसी लगाने के मामले में उसके सहपाठी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। आरोपित भी नाबालिग है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी ने पिछले दिनों फांसी लगा ली थी। वह 10वीं में पढ़ती थी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था। उसमें किशोरी ने कोचिंग जाते समय साथ पढ़ने वाले छात्र द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ करने का जिक्र किया था। इस वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई है। सुसाइड नोट की जांच के बाद पुलिस ने मनचले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दिल्ली-गोवा राजधानी पटरी से उतरी, रत्नागिरी के पास सुबह चार बजे हादसा

**नई दिल्ली।** आज सुबह दिल्ली-गोवा राजधानी ट्रेन से एक बड़ा हादसा होते होते बचा। हजरत निजामुद्दीन-मडगांव जंक्शन राजधानी सुपरफास्ट स्पेशल (दिल्ली-गोवा राजधानी एक्सप्रेस) आज सुबह चार बजकर 15 मिनट पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी में पटरी से उतर गई। कोंकन रेलवे के मुख्य पीआरओ ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन का आगे का पहिया पटरी से उतर गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में किसी को चोट लगने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि सुरंग से एक छोटा बोल्डर ट्रेन के पहिए से टकराया। हालांकि सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर रेलवे ट्रेक को ठीक कर दिया गया, जिसके बाद पौने नौ बजे के आस-पास ट्रेन वहां से रवाना हो गई।

### 17 अक्तूबर से यूएई में हो सकता है टी-20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** सोलह टीमों के बीच इस साल होने वाला टी20 विश्व कप 17 अक्तूबर से 14 नवंबर तक यूएई में हो सकता है। माना जा रहा है कि स्थगित आईपीएल-14 के मैच 19 सितंबर से 15 अक्तूबर तक यूएई में होंगे और उसके बाद विश्व कप आयोजित हो सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी अधिकृत रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति (आईसीसी) को अपनी मेजबानी में होने वाले टूर्नामेंट को स्थानांतरित करने के बारे में नहीं लिखा है लेकिन सूत्रों का कहना है कि टी20 विश्व कप यूएई और ओमान में हो सकता है।




शुभांक - 3-9-6

### मध्यप्रदेश में मेधा पाटकर को रोका

## कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच किसानों का मार्च

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ किसान एक बार फिर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश में कोरोना माहामारी की तीसरे लहर के बीच शनिवार को किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर राजभवनों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और राज्यपालों के जरिये राष्ट्रपति तक रोष-पत्र पहुंचाएंगे। आंदोलन की इस रणनीति के बारे में जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य योगेंद्र यादव ने बताया, किसान आंदोलन अब नए चरण में प्रवेश कर रहा है। इसी कड़ी में पूरे देश के किसान एकजुट होकर विभिन्न राज्यों के राज्यपालों के जरिये 26 जून को राष्ट्रपति को रोष-पत्र भेजकर तीन कृषि कानून रद्द करने व न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून बनाने की मांग करेंगे। इधर राजपाल भवन पहुंचने की जिद कर रही सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर और पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम को पुलिस ने गांधी भवन के पास रोक लिया है। साथ में 50 से अधिक किसान नेताओं को भी रोका गया है। कुछ किसान नेताओं को नीलम पार्क व अन्य स्थानों से हिरासत में भी लिया है। ये सभी कृषि कानूनों के विरोध में और किसानों से जुड़ी मांगों को लेकर राज्यपाल से मिलने की मांग कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का तर्क है कि शहर में धारा 144 लागू है। ऐसे में किसी को अनुमति नहीं दे सकेंगे। गांधी भवन के बाहर किसान, पुलिस प्रशासन के बीच इन्हीं बातों को लेकर बहस हो रही है।



### पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने घेरा अपनी ही पार्टी की सांसद को, बोले- मुझे शर्म है

## वेटरनरी कालेज नहीं मेनका गांधी घटिया महिला

**जबलपुर।** जबलपुर जिले के पाटन विधायक अजय विश्नोई के ट्वीट से एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। इस बार उन्होंने अपने ट्वीट में भाजपा सांसद मेनका गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट में कहा है कि विगत दिवस सांसद श्रीमती मेनका गांधी ने पशु चिकित्सक डॉ. विकाश शर्मा से जिन शब्दों में बात की, उससे वेटरनरी कॉलेज जबलपुर घटिया सिद्ध नहीं हो जाता है, परन्तु यह जरूर सिद्ध हो जाता है कि मेनका गांधी निहायत ही घटिया महिला हैं, मैं शर्मिंदा हूं कि ये मेरी पार्टी की सांसद (नेता नहीं) हैं।विधायक विश्नाई के इस ट्वीट से एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। विदित हो कि मेनका गांधी उत्तर प्रदेश के आंवला से भाजपा की सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। श्रीमती गांधी ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर के वेटरनरी डॉक्टर विकास शर्मा से बातचीत में जिस तरह से पूरे वेटरनरी कॉलेज को घटिया कहा था उससे जबलपुर में उनके खिलाफ जमकर आक्रोश दिख रहा है। इसके बाद भाजपा विधायक ने उनके खिलाफ ट्वीट किया है। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के खिलाफ देशभर में पशु चिकित्सक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जबलपुर के वेटरनरी डॉक्टरों और छात्रों ने भी प्रदर्शन किया। सांसद मेनका गांधी के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस थाना में शिकायत भी दी है।

> Ajay Vishnoi
> @AjayVishnoiBJP
>
> विगत दिवस सांसद श्रीमती मेनका गांधी ने पशुचिकित्सक डॉ विकाश शर्मा से जिन शब्दों में बात की, उससे वेटरनरी कॉलेज जबलपुर घटिया सिद्ध नही हो जाता है, परंतु यह जरूर सिद्ध हो जाता है कि मेनका गांधी निहायत ही घटिया महिला है। मैं शर्मिंदा हूँ कि ये मेरी पार्टी की सांसद (नेता नही) है।

# भाजपा में आज बैठकों का दिन

## पीएम मोदी राम मंदिर, नड्डा संगठन और पवैया कर रहे एमपी में जिला स्तरीय मीटिंग

**नई दिल्ली। ग्वालियर, अयोध्या**

देश के कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों यानी मिशन 2022 के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज (26 जून) सुबह 11 बजे बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा के सभी महासचिव भी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि इस बैठक में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और केंद्रीय खेल मंत्री किरन रिजिजू भी शामिल हुए हैं।



### मोदी कर रहे राममंदिर की समीक्षा

अयोध्या के विकास कार्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बड़ी समीक्षा बैठक कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही इस बैठक में उत्तर प्रदेश से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही दोनों डिप्टी सीएम, मंत्री और आला अधिकारी मौजूद हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेंगे। बता दें, सरकार की योजना है कि अयोध्या में सिर्फ राम मंदिर का निर्माण ही न हो, बल्कि यहां एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सर्वसुविधा युक्त रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड, चौड़ी सड़कें तैयार की जाए, ताकि देश-दुनिया से लोग यहां भगवान राम के दर्शन करने आएं तो उन्हें विकसित अयोध्या का नजारा देखने को मिले।रामलला के भव्य मंदिर के साथ 20 हजार करोड़ रुपये से अयोध्या को भी भव्यता देने का खाका तैयार हो गया है। अयोध्या की आध्यात्मिक आभा को चमकाने के साथ-साथ न सिर्फ रामनगरी को आधुनिक पर्यटन सिटी के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी है, बल्कि रोजगार व नौकरियों से भी रामनगरी लैस होगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं लाई जा रही हैं। यहां प्रवेश करते ही रामजन्मभूमि आने का एहसास हो इसके लिए भी कई बड़ी योजनाओं को क्रियान्वित करने की तैयारी है। इधर एमपी में आज जिला स्तर पर भाजपा का प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण के मुख्यवक्ता पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया थे।

### निगम मंडल की नियुक्तियां निश्चित, भाजपा में चेहरे बदलेंगे

बीजेपी के प्रदेश प्रभारी पी. मुरलीधर राव के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की बंद कमरे में बैठक हुई है। इस मीटिंग में फैसला लिया गया कि मंत्रियों को जिलों का प्रभार जल्द से जल्द किया जाएगा। निगम मंडलों में रुकी हुई नियुक्तियां भी फाइनल की जाएंगी। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी में सोशल मीडिया प्रभारी और प्रवक्ताओं की समीक्षा की गई। माना जा रहा है कि कुछ चेहरे बदल जाएंगे। मध्यप्रदेश में निगम-मंडलों में नियुक्तियां पिछले साल नवंबर माह से टलती आ रही हैं। राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 23 जून को मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से अलग-अलग बैठक की थी। बैठक में सिंधिया ने निगम-मंडलों में नियुक्तियों को लेकर मंथन हुआ था। इससे पहले मुख्यमंत्री ने निगम-मंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदों की जानकारी बुला ली थी। माना जा रहा है कि प्रदेश प्रभारी के साथ बैठक होने के बाद अब सरकार जल्दी ही आदेश जारी करेगी।

## 18 माह से बंद महंगाई भत्ता व डीआर को लेकर आज फैसला



**नई दिल्ली।** लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए आज का दिन बेहद खास है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज सरकारी कर्मियों और रिटायर्ड लोगों के 18 माह से बंद महंगाई भत्ता व डीआर को लेकर अहम बैठक होगी। यह बैठक केंद्रीय कर्मचारियों की संस्था नेशनल काउंसिल ऑफ जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी, वित्त मंत्रालय और डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग के अधिकारियों के बीच होगी। उम्मीद की जा रही है कि बैठक के खत्म होने के साथ ही जुलाई में डीए और डीआर बढ़ने को लेकर केंद्र सरकार के 52 लाख कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनर्स का इंतजार खत्म हो सकता है। इस बैठक का मुख्य एजेंडा केंद्रीय कर्मचारियों को डीए बकाए और पेंशनरों को डीआर का भुगतान करना है। मिंट के अनुसार, नेशनल काउंसिल ऑफ जेसीएम के सेक्रेटरी शिव गोपाल मिश्रा के मुताबिक इस बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट सेक्रेटरी करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से 7वें वेतन आयोग के डीए और डीआर पर चर्चा होगी। इस बैठक के बाद डीए के मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### नामांकन के पहले रालोद प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**बागपत।** जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में बड़ा उलटफेर हो गया। नामांकन से चंद घंटे पूर्व रालोद प्रत्याशी ममता जयकिशोर भाजपा में शामिल हो गईं। इसके बाद रालोद के पास कोई प्रत्याशी भी नहीं बचा है। इस घटनाक्रम को लेकर रालोद नेता सकते में हैं। अब देखना है कि भाजपा बबली और ममता जयकिशोर में से किसको अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाती है।

### प्रज्ञा ने करकरे को देशभक्त मानने से किया इनकार



**सिहोर।** लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह द्वारा सीहोर में दिए बयान पर प्रदेश कांग्रेस ने आपत्ति उठाते हुए कहा कि भाजपा को साफ करना चाहिए कि वह उनसे सहमत है या नहीं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि बलिदानी हेमंत करकरे को लेकर सांसद ने जिस तरह का बयान दिया, उससे उन्होंने अपने दिवंगत आचार्य के चेहरे पर कालिख पोत दी है। कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने कहा कि अब बार फिर सांसद ने शहादत का मजाक उड़ाया है।

## छोटे भाई की शिकायत से चंगुल में फंस गया बड़ा भाई

**इंदौर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने जिस ठेकेदार कुणाल राय के ठिकानों पर छापा मारा उसकी शिकायत उसके छोटे भाई हिमांशु राय ने ही की थी। सीबीआइ ने जांच में एनटीपीसी मैनेजर शिवशंकर व्यास, उसकी पत्नी अंकिता के साथ कुणाल को भी मुलजिम बना दिया। शुक्रवार को हुई कार्रवाही के दौरान सीबीआइ निरीक्षक दीपक पुरोहित कुणाल के लेपटॉप और मोबाइल जब्त कर ले गए। सीबीआइ की भ्रष्टाचार विरोधी विंग शुक्रवार सुबह-सुबह एमआइजी कालोनी स्थित कुणाल राय के आफिस पहुंची तब वह कहीं चला गया था। अफसरों ने मकान मालिक राकेश महाराज से बातचीत की और उनसे ही काल कर कुणाल को बुलवाया। अफसरों ने कुणाल को सर्च वारंट तामिल करवाया और घर के चप्पे-चप्पे की तलाश शुरू कर दी।



हालांकि आफिस में कोई खास दस्तावेज नहीं थे। लेकिन सीबीआइ अफसरों ने करीब 4 घंटे छानबीन की और कुछ कागजात, मोबाइल और लेपटाप जब्त कर लिया। सीबीआइ ने कुणाल से पूछताछ भी। इस दौरान उसने बताया कि मैं तो खुद शिवशंकर व्यास, उसकी पत्नी अंकिता से परेशान था। सप्लाई, ठेके और फाइलों को आगे बढ़ाने के बदले रुपये मांगता था। जिस फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज हुआ वह उसका छोटा भाई हिमांशु ही है। हिमांशु से किसी और ने नहीं बल्कि खुद कुणाल ने ही शिकायत करवाई थी।कुणाल ने बताया शिवशंकर व्यास उस वक्त खरगोन राष्ट्रीय ताप विधुत निगम(एनटीपीसी) में पदस्थ था। वह हर काम के लिए रुपये मांगता था। बड़े ठेकों में पार्टनर बन जाता था। कमिशन के रुपये पत्नी अंकिता के खातों में जमा होते थे। एक बार रुपये के लिए अंकिता ने कथित भाई से बात करवाई। उसने स्वमं को प्रशासनिक अफसर बताया और कान्फ्रेंस पर लेकर अंकिता ने जमकर गालियां दी। इसके बाद ही मामला प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचा

### अनिल देशमुख के वकील ने की किसी और दिन पेशी की मांग



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को नोटिस भेजकर पेश होने को आदेश दिया है। हालांकि अनिल देशमुख के वकील प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचे और एजेंसी के सामने पेशी के लिए किसी और दिन की मांग की। बता दें कि अनिल देशमुख के खिलाफ कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने उन्हें नोटिस भेजा था। इसके अलावा आज सुबह ईडी ने उनके निजी सहायक कुंदन शिंदे और निजी सचिव संजीव पलांडे को गिरफ्तार किया है।

### मुंबई-पुणे डेक्कन एक्सप्रेस अपने खास विस्टाडोम कोच को लेकर चर्चित

## ये है भारतीय रेल के कोच: कांच की छत और शानदार कुर्सियां, सीट घुमाने का भी विकल्प

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी का कहर थोड़ा कम हुआ, तो एक बार फिर भारतीय रेलवे नियमित ट्रेनों के संचालन को बढ़ाने पर काम कर रहा है। हाल ही में रेलवे ने कई ट्रेनों का परिचालन फिर से बहाल कर दिया है, तो कुछ स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट बेचने पर लगी रोक हटा दी है। इसी बीच, मध्य रेलवे ने मुंबई-पुणे डेक्कन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन सेवा को फिर से बहाल कर दिया है। इसके बाद से यह स्पेशल ट्रेन अपने खास विस्टाडोम कोच को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। आइए बताते हैं आपको कोच की खासियत..

देश में कई रेलमार्ग ऐसे हैं, जहां पर प्राकृतिक नजारों की भरमार है। ऐसे में ट्रेन के सफर का मजा कई गुना बढ़ जाता है। अगर इन रेलमार्गों पर सफर विस्टाडोम कोच में करने के लिए मिल जाए तो फिर क्या ही कहने। पहाड़ों पर चलने वाली कई ट्रेनों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्टाडोम कोच लगाए गए हैं। इनमें कालका-शिमला रेलमार्ग शामिल है। कालका-शिमला के बाद अब भारतीय रेलवे की ओर से मुबई-पुणे मुंबई रेल रूट पर भी पहली बार विस्टाडोम कोच चलाया गया है। ये कोच अपनी लग्जरी सुविधाओं और ट्रेन में खास अनुभव कराने के लिए जाने जाते हैं। विस्टाडोम कोच में कांच की छत, बड़ी-बड़ी पारदर्शी विंडो, लग्जरी और आरामदायक लगी हुई है। ये कुर्सियां 180 डिग्री तक घूम सकती है यानी कि अब अपने पड़ोस वाली सीट पर बैठे यात्री से बात करने के लिए गर्दन घुमाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप सीट घुमाकर आराम से बात कर सकेंगे। वहीं कोच में लगी बड़ी-बड़ी खिड़कियों से आप आराम से बाहर का नजारा देख सकते हैं।




सेंट्रल रेलवे के पीआरओ ने बताया कि मुंबई-पुणे रेलमार्ग पर विस्टाडोम कोच डेक्कन एक्सप्रेस में जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि ये कोच पूरी तरह से एसी है। इसके दरवाजे बटन ऑपरेटेड हैं, इसकी कुर्मियां 180 डिग्री पर घूमती हैं और छत पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि आज कोच की पहली ट्रिप थी, इसके लिए 44 सीटें बुक हो चुकी। डेक्कन एक्सप्रेस में विस्टाडम कोच लगने से उत्साहित एक यात्री ने कहा कि विस्टाडोम कोच मुंबई-पुणे मार्ग पर घाटी, नदी, झरने सहित बहुत से प्राकृतिक नजारों के दीदार करवाएगा।

# आज आधा सैकड़ा केन्द्रों पर वेक्सीनेशन

कटनी। 21 जून से सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी कोरोना वेक्सीनेशन का महा-अभियान प्रारंभ हो चुका है। इसी अभियान के तहत अब अगला वेक्सीनेशन सत्र आज 26 जून को आयोजित किया गया है। कोरोना टीकाकरण के इस महा अभियान में मिशन मोड पर जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिये सुरक्षा कवच के रुप में कोरोना का टीका लगाया जाएगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन कार्य पर विशेष जोर देते हुये कार्ययोजना बनाई गई है। ब्लॉकस्तर के संकट प्रबंधन ग्रुप की मीटिंग में लिए गए निर्णय अनुसार 52 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इन केन्द्रों पर ऑनसाईट पंजीयन के माध्यम से सुगमता से नागरिकों के टीकाकरण का कार्य होगा। यदि आप पात्र हैं, तो ना कतरायें, ना घबरायें, आधार कार्ड या शासन द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र लेकर अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने के लिये टीकाकरण करायें। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये जिला प्रशासन द्वारा 52 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इन केन्द्रों में 26 जून की सुबह 10 बजे से टीकाकरण का कार्य शुरू किया गया। बड़वारा और बरही क्षेत्र में 11 स्थानों पर टीकाकरण किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने बताया कि 26 जून को बड़वारा और बरही क्षेत्र अंतर्गत 11 केन्द्र वेक्सीनेशन के लिये चिन्हित किये गये हैं। इनमें बड़वारा क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित केन्द्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, मझगवां पंचायत भवन, सकरीगढ़ पंचायत भवन, पंचायत भवन रोहनिया, पंचायत भवन भजिया और पंचायत भवन निगहरा में वेक्सीनेशन कार्य किया जायेगा।



बरही क्षेत्र के केन्द्रों में पंचायत भवन नदावन, पंचायत भवन बनगवां, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही, पंचायत भवन करेला, पंचायत भवन बरनमहंगवां में भी 26 जून को वेक्सीनेशन कार्य किया गया है। बहोरीबंद क्षेत्र में 4 स्थानों पर टीकाकरण किया जा रहा है। 26 जून को बहोरीबंद क्षेत्र के अंतर्गत 4 केन्द्र वेक्सीनेशन के लिये चिन्हित किये गये हैं। इनमें शासकीय कन्या शाला बहोरीबंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाकल, कूड़ा मर्दानगढ़ में वेक्सीनेशन सत्र का आयोजन होगा, वहीं ग्राम पंचायत सिंहुड़ी में मेगा वेक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 26 जून को कन्हवारा क्षेत्र अंतर्गत 12 केन्द्र वेक्सीनेशन के लिये चिन्हित किये गये हैं। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी, इमलिया पंचायत भवन, गुलवारा प्राथमिक शाला भवन, घंघरीखुर्द प्राथमिक शाला भवन, जरवाही पंचायत भवन, बड़ेरा पंचायत भवन, पड़रिया पंचायत भवन, जुहला पंचायत भवन, बिस्तरा पंचायत भवन, कैलवाराखुर्द पंचायत भवन और कछगवां जोबा पंचायत भवन में कोरोना की वेक्सीन लगाई जायेगी।



## जिले में अल्पप्रवास पर पहुंचे गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा

### उद्योगपति संजय मित्तल के घर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना,विधायक संजय पाठक के निवास पर पहुंचकर की सौजन्य भेंट



कटनी। शुक्रवार को प्रदेश के गृह, जेल, विधि विधायी एवं संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा अल्प प्रवास पर कटनी पहुंचे। पीरबाबा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कटनी आगमन के दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये। कटनी पहुंचते ही मंत्री श्री मिश्रा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित उद्योगपति प्रदीप मित्तल के निवास पर पहुंचे। जहां उन्होने प्रदीप मित्तल के भतीजे एवं संजय मित्तल के पुत्र हर्ष मित्तल की असमायिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुये शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे। इसके बाद गृह मंत्री श्री मिश्रा विजयराघवगढ़ विधायक श्री पाठक के कटनी स्थित निवास पर पहुंचे। जहां उन्होने उनसे सौजन्य भेंट की। इसके पश्चात वे सड़क मार्ग से जबलपुर के लिये रवाना हुये।



## कृतिका चौरसिया बनी ओलंपियाड में टॉप, हुईं सम्मानित

कटनी। विगत दिवस तिलक कॉलेज में कंप्यूटर विषय को लेकर ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस ओलंपियाड में सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा कृतिका चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज द्वारा इनके उत्कृष्ट प्रर्शन पर पदक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कु.कृतिका चौरसिया नगर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार विष्णु चौरसिया एवं सीमा चौरसिया की सुपुत्री हैं। कृतिका चौरसिया ने राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलंपियाड परीक्षा में टॉप कर शहर का गौरव बढ़ाया है। इन्होंने इसका श्रेय कॉलेज के समस्त स्टॉफको दिया है। शिक्षकों ने कहा कि ओलंपियाड जैसी परीक्षाएं बच्चों को भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के भय से मुक्त कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती है। इस उपलब्धि पर उनके शिक्षक स्टॉफ एवं सहयोगी छात्र-छात्राओं सहित पत्रकार जगत ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## जिले में अब तक कुल 141.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी। जिले में 1 जून से 25 जून 2021 तक 141.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 122.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 25 जून 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 71.6 मिलीमीटर, रीठी में 104.2, बड़वारा में 165.0, बरही में 285.0, विजयराघवगढ़ में 209.5, बहोरीबंद में 110.3, स्लीमनाबाद में 94.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 99.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 12.5 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 25 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी में 2.0, रीठी में 29.5, बड़वारा में 5.0, बरही में 8.0, विजयराघवगढ़ में 10.0, बहोरीबंद में 13.7, स्लीमनाबाद में 13.0 और ढीमरखेड़ा में 19.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी का शपथ ग्रहण






कटनी। गत दिवस जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी की वर्ष 2021-22 के लिए नवीन अध्यक्ष दिनेश बाठला एवं कार्यकारिणी ने शपथ ली। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, श्रीमती आरती त्रिसोलिया, प्रशासन संचालक संचित जैन, वित संचालक श्रीमती सीमा जैन एवं निदेशक संजय गिरि ने शपथ ग्रहण की। कोविड प्रोटोकॉल के चलते किसी सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की विशेष समिति के सदस्य एम जे एस लाम्बा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स फेडरेशन-7 के पूर्व अध्यक्ष अविनाश जोशी ने की। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन-7 यूनिट-1 की डायरेक्टर श्रीमती दीपिका शर्मा ने शपथ अधिकारी की भूमिका का निर्वहन किया। अनिल कालरा, श्रीमती प्रमिला कालरा, बुद्धेश बाठला, रजत जैन, श्रीमती प्राची जैन एवं संचित जैन ने नये सदस्यों के रूप में सदस्यता ग्रहण की और जायन्ट्स के आदर्शों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। नवीन अध्यक्ष दिनेश बाठला ने जायन्ट्स साथियों की मदद से कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम एवं जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के नियमित सेवा कार्यों से जरूरतमंद लोगों की मदद करने की बात कही। एमजेएस लाम्बा ने जनोपयोगी सेवा कार्यों एवं श्री जोशी ने सदस्यों के मेलमिलाप की बात कही। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कटनी मार्बल सिटी ने दुर्भाग्य से अपने पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन को करोना काल में खो दिया। इसके अतिरिक्त पूरे देश में विभिन्न जायन्ट्स साथी एवं सभी जो भी इस बीमारी के आघात से नहीं रहे, उनके प्रति कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन रंगेश गोयनका ने किया। अंत में प्रशासन संचालक संचित जैन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## पनाह फाउंडेशन ने शुरू की मां की रसोई

### 5 रूपए में मिलेगा भरपेट भोजन

कटनी। पनाह फाउंडेशन द्वारा मां की रसोई का शुभारम्भ 10 जून से किया गया, जिसमे हर एक व्यक्ति के लिए केवल 5 रूपये में भोजन उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। रोजाना यह 700 लोग भोजन करते हैं, जिससे लोगों में काफी हर्ष देखा गया। दरअसल फाउन्डेशन का उद्देश्य यह है की कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे तो वही केवल 5 रूपये में भोजन उपलब्ध होने से गरीब मजदुर व जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिली है, तो वहीं पोष्टिक खाना होने से लोगों का स्वस्थ भी सुरक्षित रहेगा। फाउन्डेशन की ओर से मां की रसोई की शुरुआज दीनदयाल चौक व कृषि उपज मंडी के सामने से शुरू की गई है। संस्था के अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव व सचिव प्रदीप श्रीवास्तव का कहना है कि यह एक हमारे द्वारा किया गया एक छोटा सा प्रयास है तो वही हमारा उद्देश्य केवल एक ही है की कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये और न ही भूखा रहे।






## धूमधाम से मनाया मां चंडिका का स्थापना दिवस, मंदिर में पूजा अर्चना, हवन एवं कन्या भोजन का आयोजन



कटनी। उपनगरीय क्षेत्र कुठला स्थित चण्डिका नगर में मां चण्डिका मंदिर प्रांगण में मां चण्डिका माई का 14वां स्थापना दिवस आज शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कल शुक्रवार 25 जून को अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया और आज 26 जून को विधि विधान के साथ वैदिक पूजन, हवन एवं कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्र और आसपास से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित किया। विदित हो कि मां भगवती चण्डिका माता की प्रथम अचल प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना 25 जून 2007 ज्येष्ठ मास तिथि भीमसेन एकादशी को की गई थी, जिसके बाद निरंतर हर वर्ष मां चण्डिका का स्थापना दिवस मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाता है।

## निर्दोषों को जेल में रखने वाली कांग्रेस नैतिकता की दुहाई दे रही

### भाजपा नेताओं ने मीसा बंदियों के घर पहुंचकर किया सम्मान

कटनी। कांग्रेस आज लोकतंत्र खतरे में पड़ने का ढिंढोरा पीट रही है। कश्मीर में धारा 370 जैसा काला कानून वापस लेने का विरोध करने वालों के साथ खड़ी है। कांग्रेस और उसके बिना कामधाम वाले नेता यह भूल जाते हैं कि कांग्रेस ने आपात काल जैसा काला धब्बा इस देश के देशभक्तों पर लगाया है जिसे सदियों तक मिटाया नहीं जा सकता। यह विचार आज भाजपा नेताओं ने आपात काल को काला दिन के रूप में मनाते मीसा बंदियों के घर पहुंच कर सम्मान अवसर पर व्यक्त किये।

इस दौरान पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नेताओं ने मीसाबंदी लोटन प्रसाद स्वर्णकार, विश्वजीत चेलानी के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता तथा आपातकाल के वक्त मीसाबंदीजनों के साथ रहे नन्दकुमार बसरानी का भी सम्मान किया। मीसाबंदीजनों ने आपातकाल के दिनों के बारे में बताया जिसे सुनकर कांग्रेस के जुल्मों को सभी ने महसूस किया। साथ ही कहा कि आज देश में इमरजेंसी से लड़कर आने वाले सैकड़ों लोगों के कारण ही देश में राष्ट्रवादी सरकार स्थापित हुई। भाजपा नेताओं ने



कहा कि बिना किसी कारण पूरे विपक्ष को खत्म करने की साजिश कांग्रेस ने रची थी। इससे पहले आज एक वर्चुअल संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप पांडे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

श्री पांडे ने कहा कि हजारों राष्ट्रवादी देशवासियों के त्याग के कारण ही पहले जनसंघ फिर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बेदखल किया। परिणाम आज आपके सामने है जब कश्मीर में धारा 370 हट गई राममंदिर का वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया। हम सभी को पार्टी के संघर्ष को याद रखना चाहिए। आपातकाल आज ही के दिन सन 1975 ने लगाया गया था। भाजपा ने आज यह दिन कालादिन के रूप में मनाया। कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेता नंदू बसरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, चेतन हिंदुजा, आशीष गुप्ता, ललित जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, आशीष कदेले, शैलेन्द्र चनपुरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM., मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM., हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयॉं एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 26 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# बिजली उपकरणों में खराबी से शहर में बंद हो रही बिजली

## ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की खराबी बड़ी समस्या

**कटनी।** बारिश का मौसम अभी जोर भी नहीं पकड़ा है और शहर में रुक-रुक कर बिजली आपूर्ति ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है कि बीते 15 दिनों शहर में ऐसा एक भी दिन नहीं गया है जब बिना कटौती के उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली मिली हो। बिजली आपूर्ति में आए दिन सामने आ रहे इस समस्या के पीछे उपकरणों का धोखा देना बड़ा कारण माना जा रहा है। बिजली आपूर्ति से जुड़े जानकार बताते हैं कि इन दिनों बिजली आपूर्ति उपकरण में खराबी ज्यादा आ रही है। इस कारण उपभोक्ताओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर में इंसुलेटर व दूसरे उपकरणों में खराबी के कारण बिजली आपूर्ति में उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तो दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में ट्रांसफार्मर में खराबी और समय पर नहीं बदले जाना बड़ी समस्या बन गई है। इस संबंध में शहर कार्यपालन अभियंता विकास सिंह बताते हैं कि शहर में बिजली आपूर्ति में जहां भी दिक्कत आती है जल्द से जल्द सुधार का प्रयास किया जा रहा है। बारिश पूर्व खराबी में समय रहते सुधार के लिए अलग से कर्मचारियों की तैनाती की गई है।



### कई स्थानों पर बाधित हुई बिजली आपूर्ति

शहर में बिजली कटौती नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुरुवार को दिन में अलग-अलग पांच से ज्यादा स्थानों पर आपूर्ति बाधित हुई। इसमें एनकेजे, नई बस्ती, बरही रोड, सुधार न्यास कॉलोनी व मंगलनगर सहित अन्य स्थान शामिल रहे। इससे एक दिन पहले शास्त्री कॉलोनी, माधवनगर व अन्य स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बिजली उपकरणों की गुणवत्ता जांच की मांग

उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली के एवज में विभाग में उपभोक्ताओं से बतौर बिल बड़ी राशि जमा करवाती है। ऐसे में बिजली उपकरणों की खरीदी के दौरान गुणवत्ता की जांच की जानी चाहिए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बीते एक दशक के दौरान बिजली उपकरणों में ज्यादा खराबी दर्ज की जा रही है। ऐसे में खरीदी प्रक्रिया की जांच की जानी चाहिए।



# टीकाकरण आयोजित न होने की कराई मुनादी

**कटनी।** प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा कल प्रातः नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया जाकर नियमित टीकाकरण सत्रों का आयोजन होने के कारण नगर के चिन्हित समस्त टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 टीकाकरण सत्रों का आयोजन नहीं होने की मुनादी का कार्य कराया गया। कोरोना महामारी संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु शासन निर्देशानुसार चलाये जा रहे कोविड टीकाकारण महा-अभियान का लाभ नगर के शत - प्रतिशत लाभार्थियों को प्राप्त हो सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा आज प्रातः चिन्हित अस्थाई मंडी स्थलों सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो में मुनादी के माध्यम से टीकाकरण अभियान का प्रचार - प्रसार किया जाकर नागरिकों से महामारी से बचाव हेतु आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का टीकाकरण टीकाकरण कराकर सुरक्षा कवच प्राप्त करनें की अपील की गई।

# स्लीमनाबाद के विभिन्न स्थानों पर आबकारी की दबिश

## 375 किलोग्राम महुआ लाहन व 95.5 लीटर अवैध मदिरा जप्त



**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस 24 जून को भी विभिन्न स्थलों पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही कर अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि गुरुवार को आबकारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र नागेश के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। इस दौरान आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद अंतर्गत सिहुड़ी, धनवाही, छपरा, तथा ग्राम नेगवां मे आबकारी उडनदस्ता बी टीम द्वारा 375 किलोग्राम महुआ लाहन (लगभग 93 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा) तथा 95.5 अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई है। वहीं इस कार्यवाही के दौरान 7 आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत न्यायालयीन प्रकरण भी पंजीबद्ध किये गये। आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान जप्तशुदा महुआ लाहन का सैंपल लेकर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 33 हजार 75 रूपये है।

### आरोपियों के विरुद्ध 7 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज

# टीकाकरण केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए दल का गठन

**कटनी।** कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान योजना के अंतर्गत नगरपालिक निगम सीमा क्षेत्र में 26 जून से आगामी आदेश तक 15 टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 टीकाकरण कराया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक साफ-सफाई, पेयजल टेंट, शामियाना, आदि व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती सुनिश्चित करानें का दायित्व उपायुक्त अशफाक परवेज को सौपा है। टीकाकरण केन्द्रों के प्रभारी एवं सहयोगी कर्मचारियों को संबंधित टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन,गणमान्य नागरिक , समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक, पत्रकारगण एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग लेते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करानें हेतु 11 टीकाकरण केन्द्र प्रभारी एवं 45 सहयोगी कर्मचारियों का विशेष दल का गठन किया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें टीकाकरण सत्र हेतु चिन्हित 15 टीकाकरण केन्द्रों इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, जालपा देवी वार्ड गहोइ धर्मशाला पुरानी बस्ती, जगमोहनदास वार्ड स्थित सेवा भारती सरस्वती स्कूल, आचार्य विनोवा भावे वार्ड नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित तिलक कॉलेज, बाबू जगजीवनराम वार्ड रेल्वे हॉस्पिटल एन.के.जे, गुरूनानक वार्ड स्थित गुरूनानक स्कूल बरही रोड कटनी, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित पुरानी कचहरी, नेहरू वार्ड स्थित रसकला संगीत कॉलेज, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड स्थित ऑर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित ए.सी.सी हॉस्पिटल, बाबा नारायणशाह वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर माधवनगर, बाबा नारायणशाह वार्ड स्थित बाबा माधवशाह हॉस्पिटल माधवनगर कटनी, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित पंजाबी धर्मशाला माधवनगर कटनी, विश्राम बाबा वार्ड स्थित सामुदायिक भवन केन्द्र में टीकाकरण कार्य हेतु निगम के 11 प्रभारी अधिकारियों एवं प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र में तीन-तीन सहयोगी कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गए है।



# भाजपा का ई-चिंतन प्रशिक्षण, पवैया ने दिए टिप्स

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पूरे देश भर में प्रदेश एवं जिला स्तर पर ई-चिंतन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जा रहा है। जिला भाजपा कार्यालय कटनी में जिला स्तरीय ई चिंतन प्रशिक्षण आयोजित हुआ। ई-चिंतन सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के सहप्रभारी जयभान सिंह पवैया रहे। उन्होंने प्रथम दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार की विगत 7 वर्षो की मौलिक व वैचारिक उपलब्धियों पर अपना मार्गदर्शन वर्चुअल रूप से दिया। इस ई-चिंतन प्रशिक्षण को लेकर जिला प्रशिक्षण टीम के प्रमुख अश्वनी गौतम के मार्गदर्शन में यह ई-चिंतन प्रशिक्षण आयोजित हुआ। भाजपा आईटी सेल कटनी के सहयोग से यह ई चिंतन प्रशिक्षण प्रत्येक सप्ताह एक दिवस अलग-अलग 7 सप्ताह में संपन्न होगा, जिसमें अलग-अलग विषयो पर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के नेता गण अपना मार्गदर्शन देंगे। जिसमें वर्चुअल रूप से लिंक के माध्यम से अपेक्षित कार्यकर्ता इस चिंतन प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

# नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार 10 जुलाई को जबलपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। आयोजन कोविड-19 की गाइड-लाइन का पालन करते हुए तथा स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए किया जायेगा। इसमें चिन्हित किये गये मुकदमा पूर्व प्रि-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य निम्न प्रकृति के प्रकरणों को निराकरण के लिये रखा जायेगा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण की सदस्य सचिव ने नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किये गये प्रकरणों की प्रकृति अनुसार न्यायालयों में लम्बित/प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण के लिये सभी संबंधित विभागों/अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने का आग्रह किया है।

# उपभोक्ताओं के आवश्यक दस्तावेज पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश

**कटनी।** जिले के 251 उपभोक्ताओं को तीन माह के लिये अस्थाई पात्रता पर्ची जारी कर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इन परिवारों को खाद्यान्न की उपलबधता निरंतर बनाये रखने हेतु जारी निर्देशानुसार दस्तावेजों का संकलन कर एम-राशन मित्र पर अपलोड किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषदों को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देशों के तहत आवश्यक दस्तावेजों में समग्र परिवार आईडी, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, परिवार 24 श्रेणी में से जिस श्रेणी में सम्मिलित हैं उसका प्रमाण पत्र और वर्तमान में सक्रिय मोबाईल नंबर एकत्रित करने के लिये कहा गया है। इसके साथ ही अस्थाई पात्रता पर्ची धारक हितग्राहियों से दस्तावेज संकलित कर 30 जून तक उसकी प्रविष्टियां स्थानीय निकाय स्तर के लॉगिन से एक-राशन मित्र पोर्टल में कराया जाना सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है। ताकि संबंधित पात्र उपभोक्ताओं को आगामी माहों में भी निरंतर खाद्यान्न सामग्री का लाभ प्राप्त हो सके।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# वर्षा पूर्व सफाई कार्य में जुटा स्वच्छता दूत का अमला







**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था सहित वर्षा ऋतु में नगर के मुख्य मार्गो में जलप्लावन की समस्या के निरकारण हेतु रोजाना स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डो के नाले एवं नालियों की सफाई सहित डोर-टू-डोर कचरे के संग्रहण, सोडियम हाईपोक्क्लोराईड के घोल से छिड़काव का अभियान चलाकर नगर को संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु आज प्रातः नगर के मुख्य मार्गो के तहत आज प्रातः इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवनगर की विभिन्न गलियों में सफाई एवं डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य, बस स्टेण्ड परिसर, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित अहमद नगर में रोड में भरे पानी की निकासी का कार्य जे.सी.बी मशीन के माध्यम से कराया गया। मिशन चौक मुख्य मार्ग, मिशन चौक से थाना तिराहा तक मुख्य मार्गो के डस्टबिन की धुलाई, पुलिस कोतवाली परिसर की साफ सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग, राजीव गांधी वार्ड खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज मार्ग एवं वार्ड के अन्य मुख्य मार्गो की सफाई, गुरूनानक वार्ड स्थित गर्ग बाडे की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, रधुनाथ गंज वार्ड झंडा बाजार, स्टेट बेंक तिराहा, कचहरी चौक एवं सिविल लाईन डस्टबिन की सफाई का कार्य भट्टा मोहल्ला भीमराव चौक से विवेकानंद चौक के मुख्य मार्ग, नेहरू वार्ड में मित्तल जी के घर के सामने सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग का कार्य, पाठक वार्ड की विभिन्न गलियों में सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग सहित द्वारका सिटी गेट के पास एवं नगर के अन्य स्थलों के मुख्य मार्गो के डिवाईडर के दोनों ओर सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य कराया गया। वर्षा पूर्व नगर के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिग रखते हुए आज प्रातः लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ़ पहरूआ बस्ती की विभिन्न गलियों की नालियों की सफाई, शिवनगर बस्ती की नालियों, अहमद नगर में पानी कच्ची नाली निर्माण कराई जाकर से पानी की निकासी का कार्य, कावसजी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला बारडोली कॉलेज के सामने, नेहरू वार्ड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में धर्मलोक इंड्रस्ट्रीज के सामनें, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित आर.पी.एफ थाने के पास वाले बड़े नाले, वीर सावरकर वार्ड स्थित चौधरी मोहल्ला में खेर माता मंदिर के पास की नालियों की सफाई का कार्य किया गया।



### नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखने के रोजाना किये जा रहे प्रयास


## कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./ 1354/ विद्युत विभाग/ 2021-22 — **चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक : 23/06/2021

नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर key Date & Time अनुसार पंजीकृत फर्मों से आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस मे नगर पालिक निगम, कटनी मे अथवा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, कटनी का होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख मैं) | अमानत राशि (लाख रू. मे) | निविदा प्रपत्र मूल्य (राशि रूपये मे) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Appointment of Independent Engineer for Implementation of Katni Cluster Street Light Project on Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) basis | 90.00 | 67,500 | 10,000 | 03 वर्ष |

**निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है :-** (1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 28.06.2021 को सायंकाल 5:30 से। (2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 5.7.2021 को दोप. 15:00 बजे से कार्यपालन यंत्री (विद्युत विभाग), नगर पालिक निगम, कटनी के कक्ष मे। (3) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13.7.2021 को सायंकाल 5:30 तक। (4) बिड खोलने की तिथि 15.7.2021 को दोपहर 13:00 बजे से।

**नोट :** (1) Independent Engineer का कार्य Concessionaire के अनुबंध निष्पादन के उपरान्त प्रारंभ होगा। (2) निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाइन किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नहीं किया जावेगा।

(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार) — कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, कटनी



## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# पुलिस कर्मी ने जिला चिकित्सालय में की तोड़फोड़



## कर्मचारियों से मारपीट, आईसीयू वार्ड में भर्ती होने के लिए चार्ज मांगने पर किया हंगामा

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में कल रात 10 बजे उस समय अफरातफरी मच गई, जब अस्पताल चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी ने रजिस्ट्रेशन काउंटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहसार और मारपीट करते हुए ओपीडी में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना से अस्पताल में हड़कम्प मच गया। नर्सिंग स्टाफ ने इसकी जानकारी सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा को दी। सूचना मिलने पर सिविल सर्जन अस्पताल पहुंचे और कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी एवं लिखित शिकायत एसपी मयंक अवस्थी से करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। बताया जाता है कि अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी सतीश कल रात करीब 10 बजे तबियत खराब होने के बाद जिला चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए पहुंचा था। उसने रजिस्ट्रेशन काउंटर में पर्ची बनवाई और प्राथमिक उपचार कराने के बाद आईसीयू वार्ड में भर्ती होने के लिए कहने लगा। जिस पर रजिस्ट्रेशन काउंटर में कार्यरत कर्मचारी सुरेन्द्र ने आईसीयू वार्ड का चार्ज जमा करने के लिए कहा। इतना सुनते ही पुलिस कर्मी भड़क गया और उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसके साथ मारपीट की। हंगामा होता देख ओपीडी के कर्मचारी एवं नर्सिंग स्टाफ भी वहां पहुंच गया। पुलिस कर्मी ने उनके साथ ही अभद्रत की और ओपीडी में जाकर तोड़फोड़ की। टेबिल कुर्सी पलटा दी और यहां रखा सारा सामान जमीन पर फेंक दिया, जिससे ओपीडी में काफी नुकसान हुआ। बताया जाता है कि इस घटना के बाद से ही नर्सिंग स्टाफ डरा सहमा हुआ है।





पीड़ित नर्सों ने ओडीपी में ताला लगाकर कार्यवाही की भी मांग की है। वरिष्ठ अधिकारियों की समझाईश और आश्वासन के बाद नर्सिंग स्टाफ ने काम शुरू किया। घटना की जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। पूरी घटना सीसीटीव्ही कैमरे में भी रिकार्ड हुई है।

### इनका कहना है

रात 10 बजे पुलिस कर्मी सतीश इलाज कराने आया था। आईसीयू वार्ड में भर्ती होने के लिए कह रहा था, जिस पर उससे आईसीयू वार्ड का चार्ज मांगा गया तो उसने स्वास्थ्य कर्मी व नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। एसपी को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गई है। **-डॉ यशवंत वर्मा, सिविल सर्जन**



# कैमोर में इंजन पटरी से उतरा



**कटनी।** आज सुबह झुकेही की ओर से कैमोर सीमेंट प्लांट आ रही मालगाड़ी का इंजन कैमोर रेलवे गेट के समीप पटरी से उतर गया। ट्रैक पर पानी भरे होने की वजह से यह हादसा हुआ है। इंजन पटरी से उतर जाने के बाद काफी देर तक सुधार कार्य चलता रहा। जिसके चलते रेल फाटक सामान्य आवागमन के लिए कई घन्टे बंद रखा गया। दो पहिया, चार पहिया वाहनों सहित सभी यात्री बसों और माल वाहक वाहनों को एसीसी डंपर रोड होकर निकाला गया। लोगों को परेशान होना पड़ा।

# अब जुलाई में पांच दिन गूंजेंगी शहनाई

## फिर नवंबर में सबसे श्रेष्ठ और ज्यादा मुहूर्त



**कटनी।** जून में विवाह के दो मुहूर्त ही बाकी हैं। इसके बाद जुलाई के मुहूर्तों को भी जोड़ लिया जाए तो विवाह के इस सीजन में केवल सात दिन ही मुहूर्त हैं। जून के दो मुहूर्त भी इसी सप्ताह में हैं। जुलाई में 15 तारीख तक 5 मुहूर्त हैं। इसके बाद चार महीने के लिए शहनाइयों की गूंज पर विराम लग जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित पुष्पेन्द्र द्विवेदी के अनुसार 23 जून से लेकर 15 जुलाई के बीच में कुल मिलाकर शादियों के 07 मुहूर्त हैं। उसके बाद नवंबर और दिसंबर में कुल 14 विवाह मुहूर्त पड़ेंगे। यानि इस साल 23 जून से लेकर दिसंबर तक शादी ब्याह के कुल 21 मुहूर्त बाकी हैं। पंडित द्विवेदी के अनुसार शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए ग्रह-नक्षत्रों की स्थितियों का विचार किया जाता है। शुक्र और गुरु तारा की स्थिति को देखकर विवाह मुहूर्त निश्चित किए जाते हैं। अगर ये दोनों तारे अस्त होते हैं तो उस स्थिति में शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं निकलता है।

### जुलाई के बाद नवंबर में विवाह

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जून में विवाह के लिए 23 और 24 जून को ही शादी के मुहर्त थे। इसके बाद अब अगले माह शादी के लिए आखिरी शुभ मुहूर्त 15 जुलाई को है। इसके बाद नवम्बर में ही विवाह आदि शुभकर्म किए जा सकेंगे।

### शादियों के मुहूर्त की तिथियां

जुलाई, नवंबर और दिसंबर के महीने में शादी के मुहूर्त। जुलाई-1, 2, 7, 13, 15 जुलाई।

नवंबर-15, 16, 20, 21, 28, 29, 30 नवंबर।

दिसंबर-2, 6, 7, 11 व 13 दिसंबर।




# हवाला और सोना तस्करी का गढ़ बन रहा कटनी

## जांच और कार्रवाई की धीमी रफ्तार से भी बढ़ रहे अपराधियों के हौसले

**कटनी। देश के प्रमुख रेलवे जंक्शन में शुमार कटनी अब हवाला और सोना तस्करी का जंक्शन बनता जा रहा है। कटनी जंक्शन में बीते 6 माह के दौरान हवाला की नगदी और करोड़ों के सोने के जेवर मिलने के बाद इंकम टैक्स और जीएसटी विभाग की कार्यशैली तो सवालों में है ही जानकार यह भी मानते हैं कि ऐसे मामलों में समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं होने या जांच की गति धीमी होने के कारण अपराध को बढ़ावा मिल रहा है।**

### जांच की सुस्त रफ्तार

हवाला के 33 लाख नगदी के साथ पकड़ाए युवक की जांच 5 माह बाद भी अधूरी है। गौरतलब है कि कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन में आरपीएफ ने 33 लाख 20 हजार 70 रुपए की नगदी के साथ जबलपुर के मानेगांव से दिल्ली जा रहे युवक रामभान पटेल को पकड़ा था। इसकी जांच इंकम टैक्स विभाग के इनवेस्टिगेशन विंग ने शुरू की थी। जानकर ताज्जुब होगा कि मामले के पांच माह बीत जाने के बाद भी अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि युवक हवाला में किसकी रकम लेकर दिल्ली में किसके पास जा रहा था।

### आरपीएफ व जीआरपी के हवाले बड़े मामलों की जांच

जानकार बताते हैं कि कटनी लंबे समय से हवाला का केंद्र रहा है। अमूमन ऐसे मामलों में वित्तीय विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन कटनी में ऐसा नहीं हुआ। लाखों की नगदी और करोड़ों के जेवर पर आरपीएफ और जीआरपी ने पकड़ा। ऐसे मामले सामने आने के बाद वित्तीय मामलों पर नजर रखने वाले विभाग के अफसरों की गतिविधियों पर सवाल उठ रहे हैं।

### सूरत तक पहुंचा जांच का दायरा

सात करोड़ के सोने के जेवर के साथ पकड़ाए युवक की जांच का दायरा बढ़कर सूरत पहुंच गया है। कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन में 21-22 जून की रात ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से सूरत से कटनी पहुंचे पल्लव पटैल, धवल कुमार और अजय कुमार से जीआरपी ने 13 किलो 9 सौ ग्राम सोने के आभूषण जप्त किए। इसकी कीमत 7 करोड़ से अधिक बताई गई। जीआरपी ने मामले की जांच का दायरा सूरत तक बढ़ाया है। बताया जा रहा है कि युवक करोड़ों का सोना लेकर फेरीवालों की तरह शहर आते हैं, सोने के व्यापारियों को बेचते हैं।

### इनका कहना है

जेवर मिलने का मामला बड़ा मामला है। इंकम टैक्स विभाग अपने एंगल से जांच कर रही है, जीआरपी की जांच भी चल रही है। हमारी टीम सूरत जाएगी। जांच में जो भी इनपुट मिलेगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-सुनील कुमार, रेल पुलिस अधीक्षक**


**बेचना है**

**मारूती ओमनी वेन**
(मॉडल - 2008)
कीमत - 1,20,000/-
अच्छी, चालू, विदाऊट मेन्टेनेंस, कागजात कम्प्लीट
नोट : मॉडल के हिसाब से खरीददार सम्पर्क न करें।
मो. नं. 7477054074


# दसवीं में जो विषय नहीं थे, बारहवीं में उनके नंबर देने में आ रही दिक्कत

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल 2019 के रिजल्ट को बनाया आधार

## हाईस्कूल में प्राप्त कुल अंकों का औसत निकालकर जारी होगा रिजल्ट

**कटनी। कोरोना संक्रमण की वजह से इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं को निरस्त किए जाने के बाद इन कक्षाओं के रिजल्ट घोषित करने को लेकर अभी भी सरकार और माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल यह तय नहीं कर पाया है कि रिजल्ट को किस आधार पर घोषित किया जाएगा। इससे उन छात्राओं में बैचेनी बढ़ती जा रही है, जिन्हें बारहवीं उत्तीर्ण करने के बाद कॉलेजो में एडमीशन लेना है, हालांकि सरकार और माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों द्वारा पिछले कुछ दिनों से रिजल्ट घोषित करने को लेकर लगातार माथापच्ची की जा रही है।**

यश भारत
खास खबर

बताया जाता है कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं का रिजल्ट घोषित करने के लिए हाईस्कूल परीक्षा 2019 का रिजल्ट को अंतिम आधार बनाया है। इसी को आधार बनाकर ताना-बाना बुना जा रहा है। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के समान विषयों में अंक देने को लेकर कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत उन विषयों के अंकों में है, जो हाईस्कूल में नहीं थे। ऐसे में माशिमं या मप्र बोर्ड ने हाईस्कूल में प्राप्त कुल अंकों में से औसत अंक निकालकर 12वीं का परिणाम तैयार करने की सलाह दी है। हाईस्कूल में 70 फीसद तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का परिणाम 10 फीसद बोनस अंक के साथ और उससे ज्यादा अंक पाने वालों को 5 फीसद बोनस अंक बनाकर जारी करने पर भी विचार चल रहा है।

### मुख्यमंत्री को लेना है अंतिम निर्णय

बताया जाता है कि बारहवीं के रिजल्ट को घोषित करने को लेकर पिछले कई दिनों से माथापच्ची की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के अधिकारी



लगातार इस कवायद में जुटे हुए हैं, हालांकि अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ही लेना है, इसके लिए 28 जून को परिणाम का फार्मूला तय करने के लिए गठित मंत्री समूह की बैठक बुलाई गई है। हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम का फार्मूला सरकार के मंथन का विषय बन गया है। फार्मूला तय करने के लिए गठित मंत्री समूह कई दौर की बैठक कर चुका है। हर बार एक नई समस्या सामने आ गई। तीन दिन पहले आयोजित समूह की बैठक में इस पर तर्क वितर्क हुआ कि हाईस्कूल में जो विषय नहीं हैं, उनके अंक किस आधार पर दिए जाएं।

### सरकारी स्कूलों के बेहतर परिणाम पर जोर

हायर सेकंडरी के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों पर विशेष मेहरबानी हो सकती है। दरअसल अब तक जितनी भी बैठकें हुई हैं। उन सभी में विभाग के अधिकारियों ने सिर्फ सरकारी स्कूलों के बेहतर परिणाम पर जोर दिया है। इसे लेकर माशिमं और विभाग के अधिकारियों के बीच तर्क वितर्क भी हुआ है। मंडल के अधिकारियों का कहना था कि मंडल परीक्षा एजेंसी है और उसके लिए सरकारी और निजी स्कूल बराबर हैं।

### इन विषयों को लेकर आ रही दिक्कत

बैठक में रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, व्यवसायिक अध्ययन, अकाउंटेंसी, अर्थशास्त्र, होम साइंस, कृषि, फाइन आर्ट्स और वोकेशनल पाठ्यक्रम की बात हुई। ये सभी विषय हाईस्कूल में नहीं हैं। हाईस्कूल की बेस्ट फाइव ज्यादा अंक वाले किन्हीं पांच विषयों के आधार पर परिणाम तैयार करना, योजना भी समस्या बनी हुई है, क्योंकि हाईस्कूल में ज्यादातर विद्यार्थी मुख्य विषय अंग्रेजी, विज्ञान और गणित से भी बाहर हैं। दरअसल, इन विद्यार्थियों के इन विषयों में कम अंक आए थे और परिणाम तैयार करते समय कम अंक वाले विषयों को छोड़ दिया गया। ऐसे में सरकार के सामने हाईस्कूल में प्राप्त अंकों को आधार बनाकर परिणाम देने का विकल्प बचता है। सूत्र बताते हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग ने यही फार्मूला मुख्यमंत्री को भेजा है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009





## उमरियापान में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, पति की मौत, पत्नी व भाई गंभीर

**कटनी।** उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम बनहरी स्थित पेट्रोल पंप के पास बेलगाम ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। जिसके कारण अपने भाई के साथ पत्नी का उपचार कराने सिहोरा जा रहे 45 वर्षीय पति की मौत हो गई जबकि बाइक सवार भाई व पत्नी घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सगौना निवासी 45 वर्षीय रवीन्द्र प्रसाद पिता चमरूलाल महोबिया अपने भाई अनिल महोबिया के साथ पत्नी फूलबाई का उपचार कराने मोटर सायकल से सिहोरा जा रहा था। उसीदौरान ग्राम बनहरी स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार मोटर सायकल को विपरीत दिशा से आ रहे बेलगाम ट्रक क्रमांक एम.पी.20एचबी-2625 ने अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह रौंद दिया। जिसके कारण रवीन्द्र महोबिया की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका भाई अनिल महोबिया व पत्नी फूलबाई घायल हो गए। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।


PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)